प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 23.04.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रदेश को कृषि नवाचार और निवेश का वैश्विक केंद्र बनाने के उद्देश्य से आज नई दिल्ली में ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम)–2026' रोडशो आयोजित होगा।
- नगर निकाय चुनाव–2026 के लिए राज्य के 195 निकायों की मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है।
- सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग नियम 2026 अधिसूचित किया–यह पहली मई से प्रभावी होगा।
- उत्तरी राजस्थान में आज कहीं–कहीं लू चलने की संभावना–पिछले 24 घंटों में श्रीगंगानगर 43 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ सबसे गर्म स्थान रहा।

00000

प्रदेश को कृषि नवाचार और निवेश का वैश्विक केंद्र बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार की पहल के तहत आज नई दिल्ली में ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम)–2026' रोडशो आयोजित होगा। ये रोड शो फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) और राजस्थान फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित हो रहा है। इसमें अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, बेलारूस, भूटान, ब्राज़ील, कनाडा, कोलंबिया, साइप्रस, इजिप्ट, इथियोपिया, फिजी, जॉर्जिया, हंगरी, इटली, कज़ाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, वियतनाम के दूतावासों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। रोड शो में कृषि नीति निर्माता, उद्योगपति, स्टार्टअप उद्यमी, एफपीओ, प्रगतिशील किसान और अकादमिक विशेषज्ञ एक मंच पर होंगे। विशेष सत्रों में एग्रीटेक नवाचार, बेहतरीन कृषि पद्धतियों और राजस्थान की कृषि में तकनीकी अनुप्रयोग पर गहन चर्चा होगी। प्रमुख कंपनियों और स्टार्टअप्स के साथ साझेदारी के नए रास्ते खुलेंगे, जो राज्य में कृषि क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

0000

केन्द्र ने कहा है कि देश में तेल और गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। पश्चिम एशिया संघर्ष पर नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सरकार ने देश में एलपीजी, प्राकृतिक गैस, पेट्रोल और डीजल की सामान्य आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि घरेलू एलपीजी की आपूर्ति सामान्य है।

0000

वहीं उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग की संयुक्त सचिव निधि केसरवानी ने बताया कि प्राकृतिक गैस तथा बायोगैस के अंतर्गत वितरण केंद्रों को लाइसेंस देने की प्रक्रिया में तेजी आई है।

0000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज कोटपूतली–बहरोड़ जिले के दौरे पर रहेंगे। वे बहरोड़ के बिजोरावास गांव के बाबा बिशाह मंदिर परिसर में आयोजित शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठान समारोह में शामिल होंगे। उधर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम भी आज जिले के पावटा में आयोजित शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लेंगे।

0000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि राजस्थान दुनिया का सर्वश्रेष्ठ शिक्षा का केंद्र बने और दुनिया भर से युवा राजस्थान में पढ़ने आए, इसके लिए सभी को मिलजुल कर प्रयास करने होंगे। कल जयपुर में एक निजी विद्यालय के नये परिसर के उदघाटन के अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि लोकतंत्र भारत देश की ताकत है।

श्री बिरला ने बदलते भारत की तस्वीर में सहभागी बनने के लिए लोगों का आव्हान किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी भी मौजूद रहे। श्री देवनानी ने कहा कि विद्यार्थियों को विदेश में शिक्षा प्राप्त करने के साथ–साथ अपनी जड़ों से जुड़े रहना चाहिए और जो भी ज्ञान अर्जित करें, उसे राष्ट्र निर्माण में लगाना चाहिए।

0000

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर कल श्रीगंगानगर जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने वहां श्रीविजयनगर पंचायत समिति में श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों के अधिकारियों के साथ बैठक कर 27 मार्च से 15 अप्रैल 2026 तक संचालित प्रवेश उत्सव की समीक्षा की। उन्होंने नामांकन की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। श्री दिलावर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नामांकन बढ़ाने के लिए ठोस रणनीति बनाकर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। शिक्षा मंत्री ने इस दौरान कई स्कूलों का निरीक्षण किया और वहां मिली खामियों पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

0000

नगर निकाय चुनाव–2026 के लिए राज्य के 309 स्थानीय निकायों में से 195 निकायों की मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने बताया कि शेष 113 स्थानीय निकायों की सूची का कार्य अलग से चल रहा है। उन्होंने बताया कि 20 फरवरी, 2026 को प्रकाशित ड्राफ्ट सूची में कुल 1 करोड़ 13 लाख 29 हजार से ज्यादा मतदाता शामिल थे। ड्राफ्ट सूची के प्रकाशन के बाद 2 लाख 27 हजार से ज्यादा नए मतदाता जोड़े गए, जबकि लगभग साढे पांच लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए। इसके बाद अंतिम प्रकाशन में कुल 1 करोड़ 10 लाख 07 हजार 876 मतदाता हैं।

00000

केन्द्र सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग के प्रचार और विनियमन संबंधी नियम –2026 को अधिसूचित कर दिया है। यह पहली मई से लागू होगा। इन नियमों का उद्देश्य ऑनलाइन गेमिंग को विनियमित करना, लोगों की सुरक्षा करना, वित्तीय प्रणाली को सुरक्षित रखना और उपयोगकर्ता के अधिकारों को बनाए रखना है। इन नियमों के तहत, एक ऑन लाइन गेम प्राधिकरण स्थापित किया जाएगा, जो इस क्षेत्र के लिए एक एकीकृत, डिजिटल–प्रथम नियामक होगा। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के सचिव एस० कृष्णन ने कहा कि यह ढांचा एक वैकल्पिक निर्धारण प्रक्रिया प्रस्तुत करता है, जिसके माध्यम से खेलों को या तो ऑनलाइन मनी गेम या सोशल गेम के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। यह नियम ऑनलाइन मनी गेम्स के बढ़ते खतरे से नागरिकों की सुरक्षा करेंगे, जबकि ईदृस्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम के लिए एक सक्षम ढांचा तैयार करेंगे।

0000

केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पात्रता मानदंडों का विस्तार करते हुए इसमें स्नातक और स्नातकोत्तर के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को भी शामिल किया है। इसके अंतर्गत 18 से 25 वर्ष की आयु के अंतिम वर्ष के विद्यार्थी भी अब शीर्ष कंपनियों में पेड इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थियों को आवेदन के लिए शिक्षण संस्थानों से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

0000

हनुमानगढ में जिला प्रशासन और चिकित्सा विभाग की ओर से कल एचपीवी टीकाकरण का विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सर्वाइकल कैंसर से किशोरियों का बचाव करना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को जिला अस्पताल, उपजिला अस्पताल तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क वैक्सीन लगाई जाएगी। आयु प्रमाण के लिए स्कूल आईडी या अन्य निर्धारित पहचान पत्र लाना आवश्यक है। यदि किसी के पास दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं, तो अभिभावक सहमति पत्र देकर टीकाकरण सुनिश्चित करा सकेंगे। डॉ. शर्मा ने अभिभावकों से अपनी बेटियों का टीकाकरण कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें इस अभियान को सफल बनाने के लिए विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से निरंतर कार्य कर रही हैं।

0000

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर पड रही तेज गर्मी से जनजीवन पर खासा असर पड रहा है। अधिकतर जगह दिन का पारा 40 डिग्री से ऊपर बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार कल 43 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ श्रीगंगानगर सबसे गर्म स्थान रहा। चित्तौडगढ, चूरू, कोटा और पिलानी में पारा 42 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी चार–पांच दिनों में मौसम शुष्क रहने तथा तापमान में और बढोतरी की संभावना है। उत्तरी राजस्थान में आज से 25 अप्रैल तक कहीं कहीं हीटवेव की आशंका है। जोधपुर संभाग और आस पास के क्षेत्रों में भी धूलभरी तेज हवायें चल सकती है।

.....

0000